[पैनल डिस्कशन] अरबिंदो इंजीनियरिंग कॉलेज में दिए कॅरियर की डगर आसान बनाने के टिप्स

प्लेसमेंट के लिए डिग्री नहीं हुनर भी जरूरी

just रिपोर्टर
justreporter.indore@patrika.com

इंदौर. इंजीनियर के लिए वांछनीय योग्यताओं व तथ्यों से स्टूडेंट्स को रूबरू कराने के लिए सेम्स द्वारा संचालित श्री अरबिंदो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें स्टूडेंट्स को सुनहरे कॅरियर की डगर आसान बनाने के टिप्स दिए। कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन पी. त्रिमूर्ति, एआईईईई इंदौर सब सेक्शन के चेयरमैन डॉ. दुर्गेश मिश्रा, सेरेसॉफ्ट के सीईओ अर्पित बड़जात्या, एस्टयूट टेक्नोलॉजी के सीईओ विजय कुमार जैन और व इंफ्रा के सीईओ अमित अग्रवाल ने हिस्सा लिया। एम एप्स के सीईओ विकास सिंह ने स्टूडेंट्स को कॅरियर की राह पर आगे बढ़ने के गुरु मंत्र दिए। पैनल डिस्कशन में यह बात सामने आई कि डिग्री के साथ हुनर भी जरूरी है। इंडस्ट्री को रेडी टू यूज व्यक्ति की जरूरत है, जिसके लिए आपके पास स्किल होना जरूरी है। जॉब के लिए रचनात्मक सोच भी चाहिए।

फ्रेशर्स को मौका

कंपनियां फ्रेशर्स को ज्यादा मौके दे रही है। ऊर्जावान और नई सोच के साथ फ्रेशर्स कॉरपोरेट वर्ल्ड में इनोवेशन पर ध्यान देते हैं।